# पुख्ता इंतजामों के बीच हुई नीट की परीक्षा

## सात केंद्रों पर 2512 परीक्षार्थी हुए शामिल



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. जिले में रविवार को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट की दोबारा परीक्षा ( री-नीट ) शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो गई।**


परीक्षा को पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद नजर आया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने खुद कमान संभालते हुए परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं और सुरक्षा का जायजा लिया। री-नीट परीक्षा के सफल संचालन के लिए सतना शहर में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर कुल 2,912 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था। जिसने से 322 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे परीक्षा के लिए प्रशासन ने 7 संस्थानों को केंद्र बनाया था जिसमे से उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 ,शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल व्यंकट क्रमांक-2 ,एमएलबी स्कूल ,केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 ,केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 ,इंदिरा गर्ल्स कॉलेज और पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज गहरानाला

परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी सात परीक्षा केंद्रों पर आधुनिक जैमर लगाए गए थे ताकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का दुरुपयोग न हो सके। इसके साथ ही हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

कलेक्टर ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई और शौचालयों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया, जिससे छात्रों को कोई परेशानी न हो। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एसपी ने सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया.सभी केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई, जिसके चलते परीक्षा बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# झमाझम बारिश से बदला मौसम का मिजाज

## उमस और गर्मी से लोगों को मिली राहत



**नवभारत न्यूज**


**सतना, 21 जून. शहर में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ हुई करीब 10 मिनट की बारिश ने जहां एक तरफ लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत दिलाई, वहीं अचानक आई इस बारिश से सड़कों पर लोगों की आवाजाही पूरी तरह थम गई।**

पिछले कुछ दिनों से पड़ रही उमस और चिलचिलाती धूप से परेशान शहरवासियों के लिए रविवार की दोपहर राहत लेकर आई। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। हालांकि, यह बारिश मात्र 10 मिनट तक ही हुई, लेकिन इसने मौसम को खुशनुमा बना दिया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

अचानक शुरू हुई इस तेज बारिश के कारण सड़कों पर चल रहे राहगीर और दोपहिया वाहन चालक जहां-तहां छिपने को मजबूर हो गए, जिससे कुछ समय के लिए लोगों का आना-जाना पूरी तरह बंद रहा। इस संक्षिप्त बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से तात्कालिक और बड़ी राहत दी है।

# अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

## तीन गंभीर रूप से घायलों को मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया



**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 21 जून. मझगवां थाना क्षेत्र के चौराहा झल्ला ढाबा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उस पर सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ही मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार होकर चित्रकूट जा रहे थे। जैसे ही वे चौरहा झल्ला ढाबा के पास पहुँचे, तभी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटना का शिकार हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार मोहित मवासी निवासी मझगवां की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मलबे व सड़क पर बिखरे घायलों को तुरंत संभाला और एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए मझगवां अस्पताल भिजवाया

### विधानसभा अध्यक्ष ने स्व . पुरुषोत्तम सोनी को दी श्रद्धांजलि

**सतना 21 जून** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को सतना प्रवास के दौरान सिंधी कैंप पहुंचकर राकेश सोनी के पिता स्व. पुरुषोत्तम सोनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर में सक्रिय बाइकर्स स्नेचर महिलाओं को बना रहे निशाना

## कोलगवां थाना क्षेत्र में दो दिन में दो वारदात



**नवभारत न्यूज**


**सतना, 21 जून. कोलगवां थाना क्षेत्र में बाइकर्स स्नेचर सक्रिय हैं, जो महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। शनिवार की रात करीब 8 बजे कृष्णनगर इलाके में एक ऐसी ही वारदात हुई। जिसमें बदमाशों ने महिला का पर्स छीना और भाग गए। इसके पहले शुक्रवार को भी एक घटना ऐसी हुई थी।**

मालूम हुआ है कि चौक बाजार क्षेत्र की रहने वालीं अर्चना जैन मंदिर से पैदल घर लौट रहीं थीं। जब वह कृष्ण नगर में पशु चिकित्सालय के पास पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और उनका पर्स छीनकर फरार हो गए।उनके पर्स में 4 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन था। घटना के बाद उन्होंने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी, लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### शिक्षिका से छीना पर्स

बाइक पर सवार बदमाश ने गत शुक्रवार को कोलगवां थाना क्षेत्र में गहरानाला के पास बस से उतरी एक महिला का पर्स छीना था। मालूम हुआ है कि वार्ड 22 उतैली में रहने वाली मीना द्विवेदी शिक्षिका हैं। शुक्रवार शाम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सज्जनपुर में पदस्थ शिक्षिका मीना द्विवेदी ड्यूटी के बाद बस से सतना पहुंचीं। शाम करीब 5 बजे वह गहरानाला क्षेत्र में बस से उतरकर पैदल घर जा रही थीं। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार एक बदमाश तेजी से उनके पास पहुंचा और कंधे पर टंगा पर्स झपटकर फरार हो गया। पर्स में करीब 15 सौ रुपये, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज रखे थे। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने चेहरे को लाल गमछे से ढंक रखा था।

### अनुष्का को मिला अहमदाबाद में इंटर्नशिप का अवसर



**सतना, 21 जून.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रही सतना की युवती अनुष्का तिवारी को अहमदाबाद में इंटर्नशिप का अवसर मिला है। शहर की अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में योग विषय से एमए की पढ़ाई कर रही अनुष्का ने अपने कठिन परिश्रम और योग के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है।

# राज ललन कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष बने



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर प्रवक्ता अमित गोयल द्वारा जानकारी दी की अखिल भारतीय कॉंग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई , कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा सह प्रभारी सी पी गौतम के निर्देश तथा कॉंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के आदेश पर राजललन सिंह को मुख्य संगठक सतना शहर के पद पर नियुक्त किया गया है.**

उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है । नवनियुक्त मुख्य संगठक राजललन सिंह द्वारा प्रदेश नेतृत्व जीतू पटवारी .पूर्व उद्योग मंत्री डा.राजेंद्र कुमार सिंह दादा भाई, पूर्व मंत्री सईद अहमद, सतना विधायक एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सतना सिद्धार्थ कुशवाहा , जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष मान.आरिफ इकबाल सिद्धकी , पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय दिलीप मिश्रा . मकसूद अहमद , कांग्रेस सेवादल के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी रीवा संभाग प्रभारी रमेश दुवेदी , पन्ना प्रभारी राम प्रताप कुशवाहा ,सतना प्रभारी के. डी. त्रिपाठी महिला प्रदेश महासचिव गीता सिंह , उर्मिला त्रिपाठी , निशा सिंह , बर्मेन्द्र सिंह ,जगदीश सेन एवं समस्त जिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओ को आभार व्यक्त किया.

# पानी के लिए झगड़े के बाद बालिका की फांसी से मौत

## महिला से पूछताछ कर रही पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. अमदरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब 11 बजे एक बालिका की फांसी लगाने से मृत्य हो गई।**

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जांच में जुटी तो पता चला कि मोहल्ले की महिला से झगड़े के बाद बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस महिला और उसके नाबालिग भतीजे से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमदरा थाना क्षेत्र में ग्राम घुनवारा के कारीमाटी मोहल्ला में पहाड़ किनारे रहने वाली रागनी कोल पुत्री सूरज कोल ( 14 ) की फांसी लगाने से मृत्यु हो गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि रागनी घर के पास ही पानी भरने गई थी। उसी की उम्र का एक बालक भी पानी भरने वहां पहुंचा। दोनों के बीच पानी को लेकर विवाद हुआ तो बालक ने घर जाकर अपनी बड़ी मां ममता कोल को बता दिया। इसके बाद ममता रागनी के घर गई और झगड़ा करते हुए उसे थप्पड़ मार दिया। इस घटना से आहत रागनी ने कुछ देर बाद फांसी लगा ली। यह बात भी सामने आई है कि रागनी के पिता कुछ साल पहले बलात्कार के अपराध में जेल चले गए थे। इसके बाद उसकी मां भी घर छोड़ गई। रागनी अपने दो छोटे भाईयों के साथ बड़े पिता के आसरे रह रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।



# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड स्टाफ क्लब में योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर शिवानंद दर्शन योगाश्रम, सतना से पधारे स्वामी श्री हरिश्रद्धानंद सरस्वती के सान्निध्य में कॉलोनी में निवासरत महिलाओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने ब?ी संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी हरिश्रद्धानंद सरस्वती ने कहा कि योग संतुलन, सजगता एवं शांति के अपने मूल्यों के माध्यम से व्यक्ति और प्रकृति को एक सूत्र में बांधता है। वर्तमान समय में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो शरीर और मन को स्वस्थ एवं संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम-सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हेड-एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स तथा हेड-कॉर्पोरेट एचआर, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

### दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा भोपाल में

**सतना. 21 जून.** दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन मध्य प्रदेश की वार्षिक आमसभा 20 जून को भोपाल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांग खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा आगामी वर्ष की खेल गतिविधियों एवं आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की जानकारी उपाध्यक्ष अंकित शर्मा ने दी.

# विधानसभा अध्यक्ष ने ब्रह्मलीन स्वामी सच्चिदानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की




**नवभारत न्यूज**

**सतना 21 जून. मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को सतना जिले के धारकुंडी आश्रम पहुंचकर ब्रह्मलीन स्वामी सच्चिदानंद सदगुरु महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

उन्होंने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर महाराज जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज का संपूर्ण जीवन तप, साधना और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि महाराज का सान्निध्य जन-जन को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करता रहा। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संत समाज एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर द लवडेल में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. द लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठी रोड बगहा के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:कालीन प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात योग कलाओं में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम तथा कपालभाति जैसे योगाभ्यास कराए गए। विद्यालय के चेयर मैंन मृगेन्द सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर,प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर सहभागिता की तथा सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग अत्यंत महत्वपूर्ण : प्रतिमा



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 जून. नगरीय विकास एवं आवास राज्यंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।**

इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर प्रतिदिन नियमित रुप से योग करें। उन्होने कहा कि योग मानसिक तनाव से मुक्त रखने के साथ ही व्यक्ति को निरोगी भी बनाता है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग योग करें और निरोगी रहें। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है। योग करने से सभी पंच तत्व संतुलित रहते है। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में योग स्वस्थ आयु के लिए थीम पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कोलकाता में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रदेश में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। जिसमें स्कंध चालन, ग्रीवा चालन, कटि चक्रासन, पवन मुक्तासन, शशकासन का योगाभ्यास कराया गया। इसके अलावा अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली एवं नाड़ी शोधन प्राणायम का अभ्यास योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम सुभाष मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### केन्द्रीय जेल सतना में हुआ योग सप्ताह का समापन

**सतना।** केन्द्रीय जेल सतना में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय जबलपुर व संरक्षक प्रमुख, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के मार्गदर्शन में एवं जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल सतना के संयोजन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून तक आयोजित राजव्यापी योग अभियान का समापन हुआ।



### महापौर ने निर्माण कार्यों के लिए किया भूमि पूजन

**सतना.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 21 में पार्षद निधि से 21.12 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ वार्ड के समग्र विकास को भी नई गति देगी। इस अवसर पर पूज्य महंत स्वामी बाबा संतोष दास, मनोहर धाम, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, नगर निगम निर्माण समिति अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद गोपी गेलानी, पूर्व पार्षद श्रीचंद मनवानी , वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम असरानी , दिलीप टकरानी , दयाराम आडवाणी , सन्मुखदास चांदवानी, किशनचंद , विनोद गेलानी , अशोक चांदवानी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नगरवासी उपस्थित रहे।



### एक ही परिवार के 6 सदस्यों ने लिया देहदान का संकल्प

**सतना ।** मानव सेवा और परोपकार की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करते हुए संत मोतीराम आश्रम की प्रेरणा से प्रेरित होकर एक ही परिवार के 6 सदस्यों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। यह संकल्प न केवल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा करने का श्रेष्ठ संदेश देता है। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया ग्राम जर्नादनपुर सतना निवासी सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक संस्था के संस्थापक आजीवन ट्रस्टी सदस्य पूर्व अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह पत्नी रंजना सिंह भाई भगवान सिंह पत्नी विद्या देवी भाई लोकनाथ सिंह पत्नी संगीता सिंह ने समाज को प्रेरणा देते हुए मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया।